# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,

# झाँसी

## कार्य परिषद की बैठक

## दिनांक 20-02-2018
## की कार्यवाही

# बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय,झाँसी

दिनांक 20.02.2018 को पूर्वाह्न 11:30 बजे आहूत कार्य परिषद् की बैठक की कार्यवाही –

उपस्थिति –

| | |
|---|---|
| 1. प्रो. सुरेन्द्र दुबे | – कुलपति / अध्यक्ष |
| 2. प्रो. आर. के. सैनी | – सदस्य |
| 3. प्रो. पूनम पुरी | – सदस्य |
| 4. प्रो. शिव कुमार कटियार | – सदस्य |
| 5. प्रो. प्रेमशंकर मिश्रा | – सदस्य |
| 6. डा. नन्दलाल शुक्ला | – सदस्य |
| 7. डा. डी. के. भट्ट | – सदस्य |
| 8. डा. चन्द्रकुमार चौरसिया | – सदस्य |
| 9. डा. सुरेश चन्द्र | – सदस्य |
| 10. डा. अंजू दत्त | – सदस्य |
| 11. डा. वी. के. सिंह | – सदस्य |
| 12. डा. सतीश कुमार | – सदस्य |
| 13. प्रो. एम. एम. सिंह | – विशेष आमंत्री सदस्य |
| 14. श्री धर्मपाल | – वित्त अधिकारी |
| 15. श्री चन्द्रपाल तिवारी | – कुलसचिव / सचिव |
| 16. श्री पारसनाथ प्रसाद | – परीक्षा नियंत्रक / विशेष आमंत्री |
| 17. डा.दीपक तोमर | – सिस्टम एनालिस्ट / विशेष आमंत्री |

कार्यवाही –

सर्वप्रथम परिषद् में नवनियुक्त सदस्यों प्रो. पूनम पुरी– संकायाध्यक्ष, वाणिज्य, डा. डी. के. भट्ट– सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक्नोलॉजी विभाग, प्रो. प्रेमशकर मिश्रा– प्राचार्य, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय, कर्वी, चित्रकूट, डा. चन्द्र कुमार चौरसिया– प्राचार्य, राजकीय मॉडल कालेज, पुलवारा, ललितपुर एवं डा. अन्जू दत्त – प्राध्यापक, संस्कृत, आर्य कन्या पी. जी. कालेज का अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही डा. मदन मोहन राजपूत– संकायाध्यक्ष, कृषि, डा. सौरभ श्रीवास्तव – सहआचार्य, गणितीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग, डा. (श्रीमती) पूनम श्रीवास्तव – प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर, डा. राकेश कुमार गुप्ता – प्राचार्य, महारानी लक्ष्मीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, झाँसी एवं डा. अरूण कुमार श्रीवास्तव – प्राध्यापक, डी. वी. कालेज, उरई का परिषद् में कार्यकाल समाप्त होने एवं उनके सहयोग हेतु अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**1. कार्यपरिषद् की पूर्व बैठक दिनांक 13.01.2018 की कार्यवाही की सम्पुष्टि पर विचार।**

परिषद् द्वारा अपनी पूर्व बैठक दिनांक 13.01.2018 की कार्यवाही की सर्वसम्मति से सम्पुष्टि की।

बैठक के बिन्दु संख्या 14(8) पर प्रस्तुत प्रकरण जिसमें दिनांक 18 मार्च 2017 को विश्वविद्यालय के सभागार में डा. पुष्पा गौतम एवं श्री नीरेन्द्र सिंह यादव तथा अन्य के मध्य हुई मारपीट की घटना की उच्च स्तरीय जॉच समिति की जॉच आख्या पर सम्बन्धितों को जॉच आख्या संलग्न कर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये थे। इस कम में उनसे प्राप्त उत्तर, जॉच समिति की आख्या, सम्बन्धित शासनदेश, स्ववित्त पोषित योजना के करार पत्र को परिषद् के समक्ष रखा गया। कार्य परिषद् द्वारा सम्यक विचारोपरान्त स्ववित्त पोषित योजना के अंतर्गत कर्मचारियों की सेवा समाप्ति किए जाने का निर्णय लिया गया तथा परिषद् द्वारा इन बर्खास्त कर्मचारियों की विश्वविद्यालय परिसर एवं आवासीय परिसर में प्रवेश प्रतिबन्धित किया गया। डा. पुष्पा गौतम को चेतावनी एवं पटल परिवर्तित करते हुये बहाल किया गया। विस्तृत कार्यवाही पृथक से संलग्न है। परिषद् के निर्णयों के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही / आदेशों हेतु कुलसचिव को अधिकृत किया गया।

इसके अतिरिक्त श्री उमेश करौलिया के प्रकरण में गत बैठक दिनांक 13.01.2018 में लिए गए निर्णयानुसार गठित अनुशासन समिति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या बु.वि./आर.सी./2018/4457–53 दिनांक 16.01.2018 का अनुमोदन प्रदान किया गया। गठित समिति निम्नवत है –

1. प्रो. सुरेन्द्र दुबे – कुलपति / अध्यक्ष
2. प्रो. आर. पी. यादव – कुलपति, इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद / सदस्य
3. डा. पूनम श्रीवास्तव – प्राचार्य, राजकीय महिला महाविद्यालय, हमीरपुर / सदस्य

**2. विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 05.02.2018 की कार्यवाही का अनुमोदन।**

परिषद् द्वारा सर्वसम्मति से विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 05.02.2018 की कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

**3. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 13.02.2018 की कार्यवाही के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 13.02.2018 की कार्यवाही का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**4. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य मद।**

(1) शासनादेश संख्या 04/2018/101/सत्तर–1–2018–1–2018–16(9)/2018 दिनांक 01 फरवरी 2018 एवं शासनादेश संख्या 134/सत्तर–1–2018–16(4)/2018 दिनांक 16 फरवरी 2018 के कम में वार्षिक परीक्षा वर्ष 2018 को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा की गई व्यवस्थाओं का विवरण निम्नवत् है –

(i) समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालयों/परीक्षाकेन्द्रों में CCTV व्यवस्थित किये जाने के सम्बन्ध में पत्र दिनॉक:16.11.2017, 06.02.2018 एवं 09.02.2018 का पत्र भेजे गये जारी किया गया CCTV कैमरे की कनेक्टिविटी कार्यवाही /जॉच हेतु डॉ0 दीपक तोमर को

दायित्व सौपा गया तथा विश्वविद्यालय में CCTV कैमरे का कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसका दायित्व प्रो0 आर0के0 सैनी को सौपा गया है।

(ii) वार्षिक परीक्षा 2018 हेतु दिनॉक 01/02/2018 को उ0 प्र0 शासन शासनादेश के अनुरूप मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार गठित समिति द्वारा केन्द्र निर्धारण / परिवर्तन किया गया और जिसकी सूची कॉलेज लागइन पर अपलोड कर दी गयी।

(iii) सातों जनपद के जिलाधिकारी को बैठक हेतु मा0 कुलपति जी ओर से दिनॉक 16/02/2018 पत्र भेजा गया।

(iv) जनपदवार नोडल केन्द्र पर कुलसचिव/उपकुलसचित प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष एवं जिले के जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्तन अधिकारी के साथ बैठक हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

(v) परीक्षा की शुचिता एवं नकलविहीन कराने हेतु प्रत्येक जिले में बैठक एक–एक नोडल केन्द्र बनाये गये।

(vi) परीक्षाकेन्द्र हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त करने हेतु पत्र दिनॉकः 20/02/2018 को भेजा गया।

(vii) दिनॉक राजकीय/अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यो के साथ मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनॉक 16/02/2018 को विश्वविद्यालय में आहूत की गयी तथा परीक्षाओं हेतु दिशा–निर्देशों की एक–एक प्रति वितरित की गयी।

(viii) स्ववित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यो/केन्द्राध्यक्षों के साथ मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में दिनॉक 19/02/2018 को विश्वविद्यालय में आहूत की गयी तथा परीक्षाओं हेतु दिशा–निर्देशों की एक–एक प्रति वितरित की गयी।

(ix) समस्त परीक्षा केन्द्रो पर उत्तरपुस्तिकाएँ एवं अन्य आवश्यक सामग्री भेज दी गयी।

(x) माननीय कुलपति जी द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु चार सदस्यों की एक कमेटी गठित की गयी है तथा प्रयोगात्मक परीक्षायें प्रारम्भ हुई।

(xi) माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा परीक्षाओं के सम्बन्ध में वीडियों कांफ्रेसिंग की गयी।

(xii) परीक्षाओं हेतु कुलसचिव के निर्देशन के उड़ाका दलों का गठन किया जाएगा।

परिषद् उक्त से अवगत हुई तथा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया।

(2) परिषद् द्वारा ललित कला विभाग में सत्र 2018–19 संगीत पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए जाने हेतु उसके व्यावाहारिक पक्ष के परीक्षण आदि के लिए निम्नांकित की एक समिति गठित की गई –

1. डा. सन्ध्यारानी – प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, समथर।
2. डा. चन्द्रकुमार चौरसिया – प्राचार्य, राजकीय मॉडल कालेज, पुलवारा, ललितपुर
3. डा. अंजू दत्त – प्राचार्य, आर्य कन्या महाविद्यालय, झॉसी।

(3) मृतक आश्रिम पदों पर नियुक्त कर्मचारी श्री हरी सिंह – अनुचर एवं श्री जितेन्द्र कुमार अनुचर के पद से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति किए जाने के प्रस्ताव को परिषद् द्वारा अस्वीकार किया गया।

अन्त में सधन्यवाद बैठक सम्पन्न हुई।

(चन्द्रपाल त्रिवेदी)
कुलसचिव

(प्रो. सुरेन्द्र दुबे)
कुलपति